चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका का शानदार प्रदर्शन: सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ रेल इंजन उत्पादन कर रचा इतिहास

चित्तरंजन; 24.02.2025;

भारतीय रेल के इतिहास में चिरेका के गौरवशाली 75 वर्ष और भारतीय रेलवे में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के 100 वर्ष के शानदार सफल यात्रा के उत्सव को यादगार बनाते हुए भारतीय रेलवे की अग्रणी इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव उत्पादन इकाई, चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) ने 600 रेल इंजनों का उत्पादन कर एक बार फिर अपनी कार्य कुशलता, समर्पण और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 का 600वां रेल इंजन WAG-9 ट्विन (EF12K लोको नंबर 65060A) को आज 24 फरवरी को चिरेका परिसर से रवाना किया गया। वित्त वर्ष 2024-25 के उच्च गुणवत्ता वाले 600वें इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का सफल उत्पादन करके भारतीय रेल की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए चिरेका ने अपनी प्रतिबद्धता का प्रमाण दिया है। चालू वित्तीय वर्ष का कार्यकाल पूरा होने में अभी 35 दिन शेष रह गए हैं। इस समय अवधि में उम्मीद है कि चिरेका उत्पादन का नया मानक स्थापित एक नया अध्याय रचेगा।